>

Title : Need to take steps to check the declining water table in Pratapgarh and Kaushambi districts of Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): महोदय, संसदीय क्षेत्र (कौशाम्बी) उत्तर प्रदेश के दो जिले प्रतापगढ़ व कौशाम्बी में पेयजल की समस्या अत्यधिक है। प्रतिवर्ष भूगर्भ का जल स्तर गिरता जा रहा है जिससे कूप, हैण्डपम्प, नलकूप, जलाशयों के सूखने के कारण पानी की समस्या अत्यधिक है। केन्द्र सरकार उक्त दोनों जनपदों में तत्काल केन्द्रीय दल भेजें और पेयजल, सिंचाई की समस्या से ग्रस्त उक्त दोनों जिलों के लिए एक नई परियोजना की शुरूआत करें ताकि पेयजल व सिंचाई की समस्या दूर हो सके। आवश्यकता हेतु केन्द्र सरकार प्रत्यक्ष रूप से तत्काल दोनों जिलों में ढाई-ढाई हजार इण्डिया मार्क-2 हैंडपम्प लगाएं तथा डीप बोरिंग कराके पेयजल की टंकी आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराएं।